दिन– रविवार दिनांक– 15 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से। वधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज माई भारत बजट क्वेस्ट दो हजार छब्बीस के विजेताओं से करेंगे बातचीत।

02 केन्द्र सरकार ने कहा– देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध। व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर का वितरण भी शुरू।

03. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए कल होगा मतदान। आज एनडीए विधायकों को मॉक पोल के माध्यम से मतदान करने की दी जायेगी जानकारी।

04. और, मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज बारिश और तेज हवा चलने की संभावना।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाली माई भारत बजट क्वेस्ट दो हजार छब्बीस के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट पर चर्चा करने और विकसित भारत के निर्माण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य युवा प्रतिभाओं को सहभागी शासन और आर्थिक नियोजन से जोड़ना है। इसके साथ ही, ये पहल नीति निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका को मजबूत करना और दो हजार सैंतालीस तक आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण में योगदान भी देगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर आयोजित माई भारत बजट प्रतियोगिता दो हजार छब्बीस में बारह लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और 47 हजार निबंध जमा किए गए। केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस व्यापक रूप से युवा शक्ति–प्रेरित बजट माना जा रहा है। बजट शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, नवाचार और भविष्य के लिए तैयार विकास के अवसरों में निवेश के माध्यम से देश के युवाओं को सशक्त बनाने पर विशेष बल देता है। इस संदर्भ में, माय भारत प्लेटफॉर्म पर आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट दो हजार छब्बीस एक अनूठी पहल के रूप में उभरी है।

---

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज़ शिवालिक और नंदादेवी ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी।

———बाइट———

इनमें करीब 92 हजार 700 मीट्रिक टन एलपीजी है और इनका अराइवल पोर्ट मुंद्रा और कांडला होगा और उनकी एक्सपेक्टेड अराइवल डेट 16 मार्च और 17 मार्च होगी।

इधर, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है।

———बाइट———

लास्ट डिलीवरी से नेक्स्ट बुकिंग के बीच में अर्बन एरिया में मिनिमम 25 डेज का गैप है और रूरल एरियाज में ये 45 दिन का है। सभी देशवासियों से एक अपील है कि कृपया डिजिटल जो बुकिंग के आपके पास टूल्स अवेलेबल है, उनको यूज करें, कोई भी जरूरत नहीं है कि कोई भी किसी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पास जाकर लाइन में खड़ा होकर बुकिंग करें या सिलेंडर की डिलीवरी लें।

सुश्री शर्मा ने बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण शुरू हो गया है।

———————————————————————————

पटना जिले में रसोई गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने सिलेंडर की बुकिंग के लिए नंबर लगाया हैं उनको शीघ्र आपूर्ति के लिए एजेंसी को निर्देश दिए गए है। एक रिपोर्ट..

———बाइट———

जिलाधिकारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा है कि गैस एजेंसी के कार्यालय पर अनावश्यक रूप से ना जाये और वहां पर भीड़ की स्थिति नहीं बनाए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर पर शिकायत दर्ज कराये। इधर, बिहार राज्य रसोई गैस सिलेंडर वितरण संघ के महासचिव डॉक्टर राम नरेश सिन्हा ने बताया कि रसोई गैस की कोई कमी नही है। आपूर्ति और सॉफ्टवेयर दोनों में सुधार हो गया है। नंबर लगाने के दो से तीन दिनों के अंदर ही रसोई गैस सिलेंडर मिल जायेगी। वहीं,

दानापुर अनुमंडल क्षेत्र के एक गैस एजेंसी के डिलिवरी ब्वॉय पर गलत तरीके से रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति करने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इधर, मध्यान भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्र ने बताया है कि बच्चो के भोजन बनाने में कोई पेरशानी न हो इसके लिए पेट्रोलियम कंपनियों को एक पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में भोजन व्यवस्था नियमित रूप से जारी रहे सरकार इसकी पूरी व्यवस्था कर रही है। समाचार कक्ष से मैं अनुपम कुमार।

————————————————————————————

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों पर कल होनेवाले मतदान प्रक्रिया की जानकारी के लिए आज एनडीए विधायकों को मॉक पोल प्रशिक्षण दिया जायेगा। भाजपा के मुख्य सचेतक विनोद नारायण झा ने बताया है कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास पर विधायकों को मतदान करने की पूरी जानकारी दी जायेगी। मुख्य सचेतक ने कहा कि इस दौरान कौन–कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए यह जानकारी भी दी जायेगी। इधर, महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए विपक्षी दलों की एक बैठक राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में उनके आवास पर होगी। गौरतलब है कि एनडीए के पांच प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर शामिल है। एनडीए के पांचवे प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा है। इधर, राजद ने अमरेन्द्र धारी सिंह को प्रत्याशी बनाया है। मतदान कल सुबह नौ बजे से चार बजे तक होगा। पांच बजे से मतगणना का कार्य होगा और देर रात तक नतीजे घोषित कर दिये जाने की संभावना है।

————————————————————————————

विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर और विधायक आवास की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने के निर्देश दिये हैं । श्री कुमार ने जिला प्रशासन और पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना पहचान पत्र के किसी व्यक्ति को विधानसभा परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने परिसर के सभी प्रवेश द्वारों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर सख्त निगरानी सुनिश्चित करने और सादे लिबास में सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती करने को भी कहा है। अध्यक्ष ने वीर चंद पटेल पथ और आर ब्लॉक स्थित विधायक आवासों की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने तथा आसपास मोबाइल सुरक्षा वाहनों से नियमित गश्त सुनिश्चित करने को कहा है ।

———————————————————————————————————————

राज्य में जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले सात वर्षों में छब्बीस हजार तीन सौ तेरासी तलाबो का जीर्णोद्धार कराया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया है कि राज्य में कई तालाबों के जीर्णोंद्धार से भू–जल स्तर में वृद्धि हुई है और सिंचाई क्षमता में सुधार हुआ है।

———————————————————————————————————————

राजस्व और भूमि सूधार विभाग मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई का उपयोग किया जायेगा। विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एआई का प्रयोग म्यूटेशल अपील और बीएलडीआर एक्ट से संबंधित मामलो में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, डीसीएलआर और डाटा इंट्री ऑपरेटरों को तननीकी रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

———————————————————————————————————————

राज्य के अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर बीस मार्च कर दी गई है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की तिथी आज समाप्त हो रही थी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सूचना के अनुसार बिहार के निवासित अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के छात्र–छात्राओं के लिए शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए नामांकन लिया जाएगा। इसके तहत वर्ग नौ और वर्ग ग्यारह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक ने इस संबंध में सूचना जारी की है।

———————————————————————————————————————

राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज हल्की बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान राज्य के तराई वाले क्षेत्रों के साथ ही दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार

से तेज हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है। वहीं, आज किशनगंज जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि पटना जिले में कल आंधी–बारिश की संभावना है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भभुआ सैंतीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————————

उत्तराखंड में खेली जा रही राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने हरियाणा और मध्यप्रदेश को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बिहार क्रिकेट एसोशिएशन द्वारा आयोजित वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमिफाइनल में बेगूसराय ने नालंदा को छह विकेट से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज खेला जायेगा। फाइनल में बेगूसराय का मुकाबला कटिहार से होगा। इधर, राजधानी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रहे द्वितीय बिहार महिला कबड्डी लीग प्रतियोगिता में मगध वॉरियर लगातार जीत के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है। जबकि सीवान टाइटन दुसरे और सारण स्ट्राईकर्स तीसरे स्थान पर बने हुए है।

————————————————————————————

रोहतास जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में 5 लोगो की मौत हो गई। जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे–319 पर दो मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। इनमें दो लोगों के शव एक नहर से बरामद किये गये है। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत उरदा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पहले चरण मे राज्य में ढ़ाई लाख उपभोक्ताओं के घरो के छत पर सोलर पैनल लगाए जायेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक घर की छत पर ग्यारह किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल लगेंगे।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पटना मेट्रो से जुड़ी खबर पर लिखा है। मोईनुलहक स्टेडियम से राजेन्द्रनगर टर्मिनल के बीच सुरंग की खुदाई शुरू।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश ने दिया एकजुटता का संदेश। कहा– फालतु लोगों के चक्कर में मत पड़ियेगा, मुख्यमंत्री ने कहा– हमसब मिलकर कर रहे हैं काम।

दैनिक भास्कर ने ईरान–इजाइल युद्ध पर लिखा है–ट्रंप बोले होर्मुज खोलने के लिए चीन और अन्य देश भी युद्ध पोत भेज।

प्रभात खबर ने बोधगया वैश्विक संवाद दो हजार छब्बीस कार्यक्रम के दौरान बिहार संग्रहालय महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह के हवाले से लिखा है बोधगया शोध और शांति केन्द्र के रूप में स्थापित होगा।

———————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज माई भारत बजट क्वेस्ट दो हजार छब्बीस के विजेताओं से करेंगे बातचीत।

02 केन्द्र सरकार ने कहा– देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध। व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर का वितरण भी शुरू।

03. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए कल होगा मतदान। आज एनडीए विधायकों को मॉक पोल के माध्यम से मतदान करने की दी जायेगी जानकारी।

04. और, मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज बारिश और तेज हवा चलने की संभावना।

———————————————————————————

समाप्त